कोचिंग की आड़ में चल रहे अवैधानिक स्कूल्स के विरूद्ध कार्रवाई की मांग

बीकानेर, (कासं)। डमी एडमिशन लेने व देने वाले सरकारी व गैर सरकारी स्कूल्स तथा कोचिंग की आड़ में चल रहे अवैधानिक स्कूल्स के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई के लिए सरकार एवं शिक्षा विभाग को जागरूक करने के लिए प्राईवेट स्कूल्स द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छ शिक्षा क्रांति मिशन को अब पूरे राज्य में व्यापक रूप से चलाया जायेगा।

प्राईवेट एज्यूकेशनल इंस्टीट्यूट्स प्रोसपैरिटी एलायंस (पैपा) के माध्यम से उप नगरीय क्षेत्र गंगाशहर स्थित तेरापंथ भवन में 22 व 23 जून को आयोजित दो दिवसीय सार्थक संगत अधिवेशन में राज्य के प्राईवेट स्कूल्स के विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों द्वारा सामूहिक रूप से यह निर्णय लिया गया है। यह जानकारी तेरापंथ भवन में रविवार को आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में पैपा के प्रदेश समन्वयक गिरिराज खैरीवाल, स्वराज के प्रदेश अध्यक्ष हरभान सिंह कुंतल तथा इंडिपेंडेंट स्कूल एसोसिएशन एंड वेलफेयर सोसायटी के कार्यवाहक अध्यक्ष के. एन. भाटी ने संयुक्त रूप से दी। उन्होंने बताया कि इस मुहिम में प्राईवेट एज्यूकेशनल इंस्टीट्यूट्स प्रोसपैरिटी एलायंस पैपा), स्कूल वेलफेयर एसोसिएशन राजस्थान (स्वराज), इंडिपेंडेंट स्कूल एसोसिएशन एंड वेलफेयर सोसाइटी, स्कूल क्रांति संघ, नेशनल इंडिपेंडेंट स्कूल अलायंस, प्राईवेट स्कूल एसोसिएशन, स्वयं सेवी शिक्षण संस्था संरक्षण समिति, प्राईवेट स्कूल एंड चिल्ड्रन वेलफेयर सोसायटी इत्यादि राज्य स्तरीय संगठनों सहित अनेक जिला स्तरीय संगठनों ने हर तरह से सहयोग की घोषणा की है।

इन संगठनों ने एक जाजम पर आकर कोटा के महेश गुप्ता की अगुवाई में एक 12 सदस्यों की कोर कमेटी का गठन किया है। यह कोर कमेटी प्रदेश स्तर पर इस मुद्दे पर हर संभव संघर्ष की रूपरेखा निर्धारित करेगी। ये सभी संगठन उस रूपरेखा के अनुसार संघर्ष को मूर्त रूप देंगे। इस दौरान उन्होंने बताया कि प्राईवेट स्कूल्स के सामाजिक योगदान को कम नहीं आंकना चाहिए। जिस तरह से प्राईवेट स्कूल्स द्वारा समाज में शैक्षिक योगदान दिया जा रहा है। उसकी व्याख्या समझने की बहुत आवश्यकता है। राजस्थान हो या देश के अन्य राज्य हर स्थान पर प्राईवेट स्कूल्स को सम्मानजनक रूप से नहीं देखा जा रहा है। नित नए तरीकों से इन स्वायत्त संस्थाओं को नियमित करने के नाम पर नियंत्रित या प्रताड़ित किया जा रहा है।

अनेक ऐसे नियम से हमें नियंत्रित किया जा रहा है जो कि अनुचित हैं। यदि कोई प्राईवेट स्कूल्स छुट्टी के दिन संचालित होते हैं तो उन पर कठोर कार्रवाई के नियम बने हुए हैं। गर्मी हो या सर्दी जब भी अपने परवान पर होती हैं तो मीडिया और अभिभावक गण स्कूल्स में छुट्टी की पैरवी करते हैं। लेकिन इसी मीडिया और उन्हीं अभिभावकों को कड़ाके की ठंड या भीषण गर्मी तथा छुट्टी के दिन कोचिंग में पढ़ने जाने वाले स्टूडेंट्स के लिए कभी ऐसा बोलते नहीं देखा और न ही सुना।

केन्द्र सरकार ने 11 बिन्दुओं की कोचिंग गाइड लाइंस बनाई हैं। इन गाइड लाइंस के मुताबिक 16 वर्ष या 10 वीं कक्षा तक के स्टूडेंट्स को किसी भी तरह की कोचिंग में नहीं पढाया जा सकेगा। लेकिन कोचिंग संस्थान कक्षा 6 से ही धड़ल्ले से चल रहे हैं। कोचिंग संस्थान स्कूल नहीं चला सकते परंतु खुल्लम-खुल्ला अवैधानिक स्कूल्स का संचालन कोचिंग संस्थान कर रहे हैं।

प्राईवेट स्कूलों के संगठन पैपा के राज्य स्तरीय सार्थक संगत अधिवेशन को प्रदेश समन्वयक गिरीराज खैरीवाल व के. एन. भाटी ने संबोधित किया।

■ डमी एडमिशन लेने व देने वाले सरकारी व गैर सरकारी स्कूल्स पर कार्रवाई कराने के लिए पैपा ने कमर कसी

ठगी का आरोपी रिमांड पर

हनुमानगढ़, (कासं)। मुनाफे का लालच देकर अपने ही रिश्तेदारों को चूना लगाने के मामले में टाउन पुलिस ने एक जने को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश कर तीन दिन का रिमांड मंजूर कराया।

थाना प्रभारी रामचन्द्र कस्वां ने बताया कि 15 फरवरी को ओमप्रकाश पुत्र पालाराम स्वामी निवासी 13-14 जवाहर नगर कॉलोनी, टाउन ने मुकदमा दर्ज कराया था कि अमित स्वामी पुत्र मोहनलाल, दीपक शर्मा, सरोज पत्नी शीशपाल, मोहनलाल पुत्र कुरड़ाराम निवासी कलाना पीएस भादरा तथा नितिश स्वामी पुत्र शीशपाल निवासी गांव बशीर पीएस टिब्बी ने उससे मुनाफे का झांसा देकर रुपए ऐंठ लिए। आरोपियों ने इसके लिए मोबाइल एप्स का दुरूपयोग किया तथा राशि हड़प ली।

अनुसंधान के बाद आरोपी अमित कुमार (22) पुत्र मोहनलाल स्वामी निवासी भादरा को गिरफ्तार किया गया। आरोपी से रिमांड अवधि के दौरान ठगी गई रकम बरामदगी आदि के प्रयास में पुलिस जुटी हुई है।

वहीं बीकानेर में पानी लेने के लिए गया अधेड़ जलहौद में गिर गया। डूबने से उसकी मौत हो गई। इस आशय की मर्ग रिपोर्ट मृतक के बेटे चक विजयसिंहपुरा निवासी दिनेश सुथार ने पुलिस थाने में दी है। रिपोर्ट के मुताबिक उसके 55 वर्षीय पिता तुलछाराम पुत्र जीवणराम गांव के ही जलहौज से पानी लेने के लिए गए थे। पांव फिसलने से जलहौज में जा गिरे।

सार-समाचार

सी.ए. दिवस पर सफाई अभियान

सी.ए. दिवस पर ब्रांच कार्यकारिणी सदस्यों द्वारा आवर फार नेशन की टीम को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया।

बीकानेर, (कासं)। दी इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट ऑफ इंडिया की बीकानेर ब्रांच के अध्यक्ष सीए जसवंत सिंह बैद ने बताया कि सीए दिवस के कार्यक्रम के अंतर्गत आज स्वच्छ भारत स्वच्छ मिशन में पब्लिक पार्क के अंदर सफाई करके जन संदेश दिया गया कि सफाई का हमारे जीवन में बहुत ही महत्वपूर्ण उद्देश्य होना चाहिए। क्योंकि इससे हम कई बीमारियों से छुटकारा पा सकते हैं। इस कार्यक्रम में आज ब्रांच सचिव सीए अभय शर्मा, ब्रांच कोषाध्यक्ष सीए मुकेश शर्मा, ब्रांच सीकासा अध्यक्ष राहुल पच्चीसिया, भूतपूर्व अध्यक्ष वीरेंद्र सुराणा, सीए मनमोहन मोदी, आवर फार नेशन की टीम व सीए विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में ब्रांच कार्यकारिणी सदस्यों द्वारा आवर फार नेशन की टीम को प्रतीक चिन्ह देकर उनका सम्मान किया।

शिविर प्रशिक्षण का समापन

पाटन, (निसं)। जिले के खेतड़ी मोड़ चौराहे पर स्थित पीएम श्री जमुना देवी राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर में पिछले डेढ़ माह से चल रहे ग्रीष्मकालीन कौशल विकास अभिरुचि प्रशिक्षण शिविर का समापन रविवार को समारोह पूर्वक किया गया। शिविर में 151 प्रशिक्षणार्थियों को अनेक तरह के प्रशिक्षण के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। जिले में पहली बार पेंटिंग ,पेपरमेसी व क्ले मॉडलिंग में अलग-अलग कलाकृतियां बनाकर बच्चों ने अपना हूनर आमजन के सामने रखा। बच्चों ने सुंदर-सुंदर भित्ति चित्र बनाकर जिले में पहली बार कला की विशाल प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। एक से बढ़कर एक पेंटिंग बनाकर बच्चों ने दर्शकों के लिए प्रदर्शनी का आयोजन किया। चित्रकार सुरेश यादव ने बताया कि सुंदर कलाकृतियां बनाने में मुख्य भूमिका सलोनी टेलर व अनु वर्मा जो कमला मोदी महाविद्यालय की छात्राएं हैं, इनके अलावा पेपरमेसी में अराध्या अग्रवाल,दिव्यांशी शर्मा व पारुल अठावाल रही। और नृत्य में सबसे सराहनीय संध्या शर्मा का रहा।राजकीय स्कूल प्रधान व शिविराधिपति शेरसिंह व स्काउट गाइड स्थानीय संघ सचिव दिलीप कुमार तिवाड़ी ने बताया कि शिविर के दौरान बालकों में छुपे हुए टैलेंट को निखारने और सर्वांगीण विकास के लिए 151 छात्र व छात्राओं ने सैल्फ डिफेंस, इंग्लिश स्पोकन, वेस्ट से बेस्ट बनाना, संगीत, नृत्य, ब्यूटीशियन, मेहंदी, सिलाई बुनाई, कढ़ाई, कंप्यूटर, स्केटिंग आदि का प्रशिक्षण दिया गया। समापन समारोह में सभी प्रशिक्षणार्थियों तथा उत्कृष्ट सेवाएं देने वालों को प्रमाण पत्र व स्मृति चिंह देकर सम्मानित किया गया।

पौधा लगाकर अभियान की शुरुआत

झुंझुनूं, (निसं)। भाजपा प्रदेश नेतृत्व के आ ान पर डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि के अवसर पर एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत भाजपा ज़िलाध्यक्ष बनवारीलाल सैनी के नेतृत्व में ज़िले के सभी मंडलों पर रविवार को एक-एक पौधा लगाया गया। इसी क्रम में झुंझुनूं नगर मण्डल में नगर मण्डल अध्यक्ष कमल कान्त शर्मा की अगुवाई में बगड़ रोड़ स्थित मुनि आश्रम परिसर में भाजपा नगर मंडल कार्यकर्ताओं द्वारा ज़िलाध्यक्ष बनवारीलाल सैनी के मुख्य आतिथ्य में एक पौधा लगाया गया।इस मौक़े पर राष्ट्रीय परिषद प्रतिनिधि विश्वंभर पुनिया, जिला संयोजक सोशियल मीडिया पार्षद चंद्र प्रकाश शुक्ला, आईटी ज़िला संयोजक सौरभ सोनी, पूर्व मण्डल अध्यक्ष इंद्राज सैनी, महेश जिनगर, नगर महामंत्री विजय शंकर जोशी, विजेंद्र हटवाल, मनोज कुंडलवाल, नगर उपाध्यक्ष ललित जोशी, रवि लांबा, रामनिवास सैनी, विकास पुरोहित, ग्रामीण मंडल से इन्द्राज सैनी, राजेन्द्र ठठेरा, लीलाधर पुरोहित, महेंद्र सोनी मणि विहार, एडवोकेट अनुपम शर्मा,जगदीश गोस्वामी, मनोज राजोरिया, एवं कंचन कुमावत सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

पशुपालन विभाग तैयारियां में जुटा

पाटन, (निसं)। आगामी मानसून को देखते हुए पशुपालन विभाग अपनी तैयारियां में जुट गया है। जिला पशुपालन विभाग के उपनिदेशक डॉ रणजीत मेहरानियां ने बताया कि पशुओ को रोगों से बचाव की दिशा में सघन टीकाकरण अभियान चलाने का निर्णय लिया गया है। विभाग के अधिकारी कर्मचारियों को इस बाबत कार्य योजना बनाकर टीकाकरण कार्य शुरू करने के निर्देश जारी किए गए है। डॉ मेहरानियां ने बताया कि पशुपालकों को जून-जुलाई माह में आवश्यक रूप से अपने पशुओँ का गलघोंटू, लंगड़ा बुखार और फड़किया रोगों से बचाव हेतु टीकाकरण करवा लेना चाहिए। उन्होंने बताया कि टीकाकरण करवाने के बाद पशुओँ में रोगों से प्रतिरक्षा उत्पन्न होने में 2-3 हफ्ते का समय लग जाता हैं। अत: मानसून के आने से पूर्व ही टीकाकरण करवा लेना अधिक फायदेमंद रहता हैं। ताकि मानसून आने तक पशुओं में पर्याप्त प्रतिरक्षा उत्पन हो जाए।

विद्युत लाइन का तार टूटा

सादुलपुर, (निसं)। नंद प्लाजा से मिनी सचिवालय की ओर जाने वाले मुख्य सडक मार्ग पर रविवार दोपहर 1.30 बजे आसपास अचानक विद्युत लाइन का तार टूट जाने तार के कारण लोग बाल-बाल बच गए। हालांकि कोई जनहानि नहीं हुई। जबकि इस रास्ते पर दिनभर लोगों की भीड रहती है। इसी दौरान डेढ घंटे से भी अधिक समय तक टूटे तार को दुरुस्त नहीं करने के कारण दुकानदारों ने रोष प्रकट किया। वहीं घटना के बाद दुकानदारों ने बिजली विभाग के अधिकारियों को तुरंत फोन कर विद्युत लाइन को बंद करवाया। वहीं टूटे विद्युत तार को ठीक करवाने की मांग की।

पेड़ों की अंधाधुंध हो रही कटाई, लकड़ी तस्कर कूट रहे चांदी

बीकानेर, (कासं)। पर्यावरण संरक्षण के लिए राज्य सरकार के दावे वन तस्करों के आगे हवा हो रहे हैं। सरकार पेड़ों को बचाने के लिए सालाना करोड़ों खर्च कर लोगों में जागरूकता लाने जतन कर रही है। मगर जिम्मेदार महकमे की अनदेखी के चलते छतरगढ़ सहित कार्यालय उपवन संरक्षण छतरगढ़ अधीन इलाके में हरे पेड़ कटने के बाद तस्करी के जरिए सीमावर्ती जिले श्रीगंगानगर की विभिन्न मंडियों में पहुंच रहे हैं।

जानकारी के मुताबिक हरे पेड़ों की कटाई के बाद तस्कर तख्तपूरा, खारबारा, एक के.एम, लूणखां, छतरगढ़, आवा, चार एडब्लूएम, सतासर, खारवाली, संसारदेसर, राजासर भाटियान व मोतीगढ़ डंडी सहित अन्य इलाकों से आधी रात को पहले तो उबड़-खाबड़ रास्तों तक ले जाते हैं। इसके बाद नेशनल हाईवे व अन्य लिंक रोड़ से श्रीगंगानगर के कई मंडियों के अलावा बीकानेर तक पहुंचा रहे हैं। हद तो इस बात की है कि सबको पता है लेकिन वन विभाग को इसकी भनक तक नहीं है। यह वजह है कि तस्कर पेड़ों को बेखौफ बेचकर चांदी कूट रहे हैं। पर्यावरण संरक्षण से जुड़े लोगों को कहना है कि अगर इसी तरह बेरोकटोक पेड़ों की कटाई होती रहेगी तो एक दिन धोरों में रूंख बचेंगे ही नहीं। ना ही वन्यजीव बचेंगे।

पर्यावरण बचाने को लेकर सरकारी अमला ऐसे तो बड़ी- बड़ी बातें करता है। मगर जंगल बचाने के नाम पर अधिकारी महज बयानबाजी करते हैं। इस संबंध में वन विभाग के उच्च अधिकारी से सम्पर्क किया तो कोई संतोषजनक जबाब नहीं मिला। तस्करी के इस काले धंधे से जुड़े लोग किसानों को लालच देकर खेतों में खड़े हरे पेड़ों को कटवा रहे हैं। इसके अलावा जंगलों से भी पेड़ों का साफ करवा रहे हैं। पेड़ों को तस्कर श्रीगंगानगर के रावला, घड़साना, रामसिंहपुर व बीकानेर नजदीकी चूना फैक्ट्रियों सहित अन्य कस्बों में महंगे दामों पर बेच रहे हैं। लोगों ने बताया कि मंगलवार देर रात्रि को छतरगढ़ क्षेत्र में हरे पेड़ों को काटकर बड़े ट्रैक्टर रेड़े में भरकर श्रीगंगानगर सीमा की ओर ले जाया जा रहा था। इसकी सूचना संबंधित विभाग को दी गई। मगर कोई कार्रवाई नहीं की गई। हाईवे पर होटल संचालित करने वाले लोगों व जागरूक नागरिकों ने बताया कि लकड़ी तस्कर पेड़ों की कटाई कर जीपों, ट्रकों व ट्रोलियों के माध्यम से श्रीगंगानगर सीमा के विक्रय कर रहे है।

मोखाराम धारणियां जिलाध्यक्ष वन जीव रक्षा संस्थान बीकानेर का कहना है कि छतरगढ़ उप वन संरक्षक क्षेत्र में लम्बे समय से वन माफियाओं द्वारा रात के अंधेरे में पेड़ों की अवैध तरीके से कटाई करते हुए सीमावर्ती क्षेत्र की मंडियों में संचालित लकड़ी आरा मशीन पर बेचा जा रहा है। वन विभाग अधिकारियों को सूचना देने के बावजूद कार्यवाही नहीं हो रही है।

■ रात के अंधेरे में पेड़ों की अवैध कटाई कर आरा मशीन पर बेचा जा रहा है

विद्युत पोल टूटा

सादुलपुर, (निसं)। ट्रक की टक्कर से सिद्धमुख में विद्युत पोल टूट जाने के कारण रविवार को बडा हादसा होते होते टल गया। लेकिन विद्युत आपूर्ति बाधित होने से लोगों को परेशानी उठानी पडी। इसके अलावा गर्मी के कारण तथा लोड अधिक होने से अनेक स्थानों पर विद्युत तार भी टूट गए। गर्मी और परेशानियों के बीच विद्युत कार्मिकों ने दोपहर बाद विद्युत आपूर्ति बहाल की तो लोगों ने राहत की सांस ली। सिद्धमुख भादरा सडक पर स्थित मस्जिद के पास सुबह आठ बजे एक ट्रॉले की चपेट में आ जाने के कारण विद्युत पोल टूट कर क्षतिग्रस्त हो गया।

हालांकि घटना के वक्त समय रहते विद्युत आपूर्ति बंद हो गई अन्यथा बडा हादसा घटित हो सकता था। यही हाल बालाजी मंदिर रेलवे स्टेशन रोड पर लगे हुए ट्रांसफार्मर से तार टूटकर जमीन पर गिर गया। ग्रामीणों ने बताया कि बार-बार विद्युत तार टूटने से विद्युत आपूर्ति बाधित हो जाती है तथा गर्मी के मौसम में बिगडी विद्युत व्यवस्था के कारण लोगों को भारी परेशानी उठानी पड रही है।

विद्युत कार्मिकों ने बताया कि लोड अधिक होने से तार डैमेज हो रहे हैं विद्युत कार्मिकों ने लगातार मेहनत कर क्षतिग्रस्त विद्युत पोल को बदलने के साथ-साथ टूटे तारों को दुरुस्त कर दोपहर बाद विद्युत आपूर्ति बहाल की।

बाइक चोर गिरोह को दबोचा, 14 बरामद

हनुमानगढ़, (कासं)। जिला मुख्यालय से लेकर पूरे जिले में बढ़ती बाइक चोरी की वारदातों के बीच जंक्शन थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई अंजाम देते हुए बाइक चोर गिरोह का भंडाफोड़ किया। पुलिस ने चोरीशुदा 14 बाइक बरामद करते हुए बाइक चुराने वाले तीन तथा चोरी की बाइक खरीदने वाले दो जनों को गिरफ्तार किया। आरोपियों से बाइक चोरी की कई अन्य वारदातों के खुलासे की संभावना है।

पुलिस की आगामी पड़ताल में कई और भी बाइक चोर गिरोह से सांठ-गांठ के चलते गिरफ्तार हो सकते हैं। पांचों आरोपियों को कोर्ट में पेश किया जायेगा। एएसपी प्यारेलाल मीणा ने शनिवार को जंक्शन थाने में प्रेस वार्ता में गिरोह की गिरफ्तारी की जानकारी देते हुए कहा कि पांचों आरोपी टिब्बी थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों के हैं। आरोपियों का पुलिस रिकॉर्ड खंगाला जा रहा है। उनके खिलाफ पहले से कोई मामला दर्ज है या नहीं इसकी जांच की जा रही है। गिरोह के साथ वारदात में संलिप्त लोगों तथा चोरीशुदा बाइक खरीदने वालों के संबंध में अनुसंधान किया जा रहा है। प्रेस वार्ता के दौरान डीएसपी राहुल यादव तथा जंक्शन थाना प्रभारी सतपाल बिश्नोई मौजूद थे।

एएसपी प्यारेलाल मीणा ने बताया कि 19 जून को विजय कुमार पुत्र उत्तमचन्द अरोड़ा निवासी वार्ड दस, सेक्टर 12 जंक्शन ने मामला दर्ज कराया था कि 17 जून को कोई अज्ञात उसकी बाइक चुरा ले गया। बाइक चोरी की बढ़ती वारदातों के दृष्टिगत एसपी विकास सांगवान के निर्देश पर थाना स्तर पर जांच के लिए विशेष टीम गठित की गई।

टीम ने गहन पड़ताल कर बाइक चोरी के आरोप में प्रवीण निवासी चक 12 एफटीपी ढाणी पीरकामडिया, कुलदीप कुमार मेघवाल निवासी वार्ड तीन, विक्की गोण्डर निवासी वार्ड दो, गिलवाला, सुशील निवासी वार्ड एक, खाराखेड़ा 4 केएचआर तथा आशीष कुमार (28) पुत्र रामकुमार मेघवाल निवासी वार्ड दो 3 एफ टीपी गिलवाला को गिरफ्तार किया गया। इनमें से सुशीले तथा आशीष कुमार को चोरीशुदा बाइक खरीदने तथा शेष तीन प्रवीण, विक्रम व कुलदीप को बाइक चुराने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।

अग्रसेन नगर फाटक पर बनेगा ओवरब्रिज

चूरू, (कासं)। जिला मुख्यालय पर लंबे समय से चली आ रही अठासेन नगर फाटक की समस्या के हल आखिर निकल ही गया।

अब अग्रसेन फाटक पर ओवर ब्रिज बनने जा रहा है। राज्य सरकार व रेल प्रशासन दोनों इस ओवरब्रिज में लगने वाली राशि का भार वहन करेंगे। गौरतलब रहे कि शहर में अठासेन नगर के निवासियों को लंबे समय से यह समस्या का सामना करना पड़ रहा था क्योंकि दिन में अनेक बार फाटक बंद होने से वाहन चालको व आपातकालीन सेवा से जुड़ें लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही थी । वहीं दूसरी ओर चूरू .जयपुर रोड़ पर बने ओवरब्रिज पर भी भारी वाहनो के वर्जित होने के कारण भारी वाहन अठासेन नगर होकर गुजर रहे थे । जिस कारण अठासेन नगर में रहने वाले लोगों को भारी समस्या का सामना करना पड़ रहा था। जयपुर रोड़ पर बने ब्रिज में भारी वाहनों का आवागमन काफी लंबे समय से बंद था। जिसके चलते सभी वाहनों को फाटक पार करके अठासेन नगर के अंदर से होकर मुख्य सड़क पर आना होता था। वहीं जहां एक ओर नए अठासेन नगर पर बनने वाले ओवरब्रिज की खुशी आम जनता में हैं, वहीं दूसरी ओर चर्चा हैं कि चूरू . जयपुर रोड़ पर बने ओवरब्रिज जैंसी कहीं यह ओवरब्रिज भी राजनीति का शिकार न हो जाएं।

ओसवाल फैक्ट्री में चोरी

बीकानेर, (कासं)। गंगाशहर थाना क्षेत्र की रानी बाजार रोड नंबर पांच स्थित श्री ओसवाल इंडस्ट्रीज में चोरी का मामला सामने आया है। पुलिस ने परिवादी की रिपोर्ट पर अज्ञात जनों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

पुलिस के अनुसार रामपुरिया मोहल्ला निवासी जयंत रामपुरिया पुत्र सुनील कुमार रामपुरिया ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि श्री ओसवाल इंडस्ट्रीज में घुसकर अज्ञात चोर एक लाख रूपए नगद तथा ब्रास एमटीए व एफटीए के 17 बॉक्स जिनकी कीमत करीब पौने चार लाख रूपए थी चोरी हो गए। कमरों में रखे कागजात व अन्य सामान बिखरा हुआ मिला। मामले की जांच एएसआई ताराचंद को सौंपी गई है।

'एक पेड़ मां के नाम' अभियान में किया पौधारोपण

सीकर, (नि.सं.)। भाजपा के संस्थापक डॉ.श्यामा प्रखाद मुखर्जी की पुण्य तिथि रविवार को जिला भाजपा कार्यालय में मनाई गई। देवनारायण बोर्ड के अध्यक्ष ओमप्रकाश भढ़ानाए जिलाध्यक्ष डॉ. कमल सिखवाल व पूर्व सांसद स्वामी सुमेधानंद के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने डा. मुखर्जी की फोटो के समक्ष पुष्पांजलि से श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस दौरान कार्यालय में पार्टी के एक पेड़ मां के नाम अभियान में पौधारोपण भी किया।

देवनारायण बोर्ड के अध्यक्ष ओमप्रकाश भढ़ाना ने कहा कि भाजपा के संस्थापक डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने कश्मीर के लिए अपना बलिदान दे दिया। वे कहा करते थे कि एक ही देश में दो निशान व दो विधान नहीं चल सकते। कहा कि उन्होंने हमेशा इसका विरोध किया और इसके लिए अपने प्राणों की भी आहूति दे दी। ऐसे महापुरूषों से हम सबको प्रेरणा लेनी चाहिए।जिलाध्यक्ष डा. कमल सिखवाल ने कहा कि भाजपा आज देश की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है। इसका श्रेय डॉण् श्यामा प्रसाद मुखर्जी जैसे नेताओं को है। जिन्होंने पार्टी की स्थापना देश हित में की। कहा कि डा.श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने हमेशा से ही कश्मीर में अलग निशान व अलग विधान को लेकर विरोध किया। कहा कि देश में कांग्रेस शासन के समय जो यातनाएं जनता को दी और जनता ने उन यातनाओं को झेला उनसे छुटकारा दिलाने के लिए भाजपा की स्थापना दी। ऐसे महापुरूषों के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। पूर्व सांसद स्वामी सुमेधानंद सरस्वती ने कहा कि डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी ऐसे व्यक्तित्व के धनी थे जिन्होंने देश के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। उन्होंने कश्मीर को लेकर जो पीड़ा थी उसे सबके सामने रखा और हमेशा इसका विरोध किया। ऐसे महापुरूषों के व्यक्तित्व को अपने जीवन में उतारना चाहिए।

बायोलॉजिकल पार्क का निर्माण वन्य जीव संरक्षण की दिशा में अहम कदम : कलेक्टर

बीकानेर, (कासं)। जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने रविवार को बीछवाल में मरुधरा बायोलॉजिकल पार्क का निरीक्षण किया। जिला कलेक्टर ने इस दौरान बायोलॉजिकल पार्क के मास्टर प्लान एवं ले आउट प्लान का अवलोकन किया तथा कार्य की वर्तमान प्रगति की समीक्षा कर बकाया कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए।

जिला कलेक्टर ने कहा कि इस पार्क का निर्माण स्थानीय वन्य जीव संरक्षण की दिशा में अहम कदम है। उपवन संरक्षक ने जिला कलेक्टर को बताया कि वर्तमान में मरूधरा बायोलॉजिकल पार्क में वन्यजीवों के लिए 10 एनकलोजर का निर्माण हो चुका है। यहां कुल 28 एनकोजर बनाए जायेंगे। वर्तमान में दो नए एनक्लोजर तथा एडमिन ब्लॉक का कार्य प्रगतिरत है। प्रत्येक एनक्लोजर में वन्यजीवों को प्राकृतिक आवास उपलब्ध करवाए जाने हेतु वृक्षारोपण भी किया गया है। साथ ही बायोलॉजिकल पार्क के ग्रीन जोन में भी पौधारोपण करवाया गया है जिससे वन्यजीवों हेतु उचित वातावरण तैयार किया जा सके।

उल्लेखनीय है कि यह बायोलॉजिकल पार्क 50 हेक्टेयर क्षेत्र में निर्मित किया जा रहा है। इस पार्क में चिंकारा, ब्लैक बक, चीतल तथा अन्य शाकाहारी प्राणी एवं बघेरा, एशियाई शेर, लकड़बग्घा, लोमड़ी, भेडिया आदि मांसाहारी प्राणी तथा विभिन्न प्रजातियों के पक्षी एवं सरीसृप प्रजातियों के वन्य जीव रखे जायेंगे। यहां वन्यजीवों के लिए एक रेस्क्यू सेंटर का निर्माण भी बायोलॉजिकल पार्क के साथ ही किया जायेगा, जिनमें विभिन्न कारणों से घायल हुए वन्यजीवों के उपचार तथा उनके पुनर्वास की सुविधा उपलब्ध रहेगी। निरीक्षण के दौरान बीकानेर के उप वन संरक्षक एस. शरथ बाबू, उपवन संरक्षक (वन्य जीव) बीकानेर संदीप कुमार छलानी एवं निर्माण कर्ता एजेंसी आरएसआरडीसी की प्रोजेक्ट डायरेक्टर शिल्पा कच्छावा एवं वन विभाग के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे ।

बीकानेर कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने रविवार को बीछवाल में मरूधरा बायोलॉजिकल पार्क का निरीक्षण किया।

■ कलेक्टर ने बायोलॉजिकल पार्क के मास्टर प्लान एवं ले आउट प्लान का अवलोकन किया तथा बकाया कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए

पुण्यतिथि पर जनसंघ संस्थापक श्यामाप्रसाद मुखर्जी को याद किया

बीकानेर, (कासं)। भारतीय जनसंघ के संस्थापक सदस्य श्यामा प्रसाद मुखर्जी की आज पुण्यतिथि है। इस मौके पर बूथ नंबर 168 के अध्यक्ष जितेंद्र सुराणा के निज निवास पर भाजपा जिला महामंत्री मोहन सुराणा, पूर्व महापौर नारायण चौपड़ा, ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष राजाराम सिंगढ़, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष सुमन छाजेड़ सहित विभिन्न भाजपा संघ के कार्यकर्ताओं ने उन्हें पुष्प अर्जित करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की।

पूर्व महापौर नारायण चौपड़ा ने बताया कि आज बीजेपी पूरे देश में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस मना रही है। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने जम्मू कश्मीर में अनुच्छेद 370 समाप्त हो उसके लिए आंदोलन चलाया था। एक निशान, एक विधान, एक प्रधान का नारा दिया था।

चौपड़ा बोले कि देश की एकता और अखंडता के लिए उन्होंने अपना पूरा जीवन लगाया। उनसे प्रेरणा लेकर भाजपा कार्यकर्ता देश को मजबूत बनाने के लिए अग्रसर है।

जनसंघ के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी को पुण्यतिथि पर भाजपा संघ के कार्यकर्ताओं ने श्रद्धांजलि दी।

जिला महामंत्री मोहन सुराणा ने कहा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को उनकी पुण्यतिथि पर नमन उनके विचार और लोगों की सेवा के लिए इच्छाशक्ति हमें हमेशा प्रेरणा देते रहेंगे। राष्ट्र की एकता के लिए उनके द्वारा किए गए योगदान को कभी नहीं भुलाया जायेगा।

सुराणा ने आगे बताया कि प्रत्येक बूथ स्तर पर बूथ के समस्त कार्यकर्ता डॉक्टर श्यामाप्रसाद मुखर्जी की आज पुण्यतिथि मना रहे है।